डा0 शकुन्तला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय,लखनऊ
Dr. Shakuntala Misra National Rehabilitation University, Lucknow
Office : Mohaan Road, Lucknow - 226 017, Website : http://dsmru.up.nic.in

पत्रांकः 28 COE- / DSMNRU / फा0सं0–COE-165A / 2026–27 दिनांकः– 24 अप्रैल, 2026

सम अधिसत्र/वार्षिकी परीक्षा (मई, 2026 के अन्तर्गत) माह अप्रैल–मई, 2026 हेतु समर्थ पोर्टल पर कोर्स सेलेक्शन एवं ऑन–लाइन आवेदन विषयक आवश्यक सूचना

विश्वविद्यालय पत्रांक–सी.ओ.ई.–553, दिनाँक 31.03.2026 द्वारा विश्वविद्यालय एवं विश्वविद्यालय से सम्बद्ध महाविद्यालयों/संस्थाओं में शैक्षिक सत्र 2025–26 में संचालित विभिन्न पाठ्यक्रमों के सम अधिसत्र/वार्षिकी पाठ्यक्रम में अध्ययनरत् अर्ह/पात्र विद्यार्थियों हेतु सम अधिसत्र/वार्षिकी परीक्षा (मई, 2026 के अन्तर्गत) माह अप्रैल–मई, 2026 के आयोजन से पूर्व समर्थ पोर्टल पर ऑन–लाइन कोर्स सेलेक्शन करते हुए ऑन–लाइन परीक्षा आवेदन दिनाँक 01.04.2026 से दिनाँक 10.04.2026 तक भरे जाने हेतु सूचना निर्गत की गयी। उक्त तिथि को पत्रांक–सी.ओ.ई.–13, दिनाँक 10.04.2026 द्वारा दिनाँक 15.04.2026 तक विस्तारित किया गया तथा पुनः पत्रांक–सी.ओ.ई.–20, दिनाँक 17.04.2026 द्वारा दिनाँक 21.04.2026 तक विस्तारित किया गया।

तद्क्रम में एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि उपर्युक्तानुसार **सम अधिसत्र/वार्षिकी परीक्षा (मई, 2026 के अन्तर्गत) माह अप्रैल–मई, 2026 के लिये अर्ह/पात्र विद्यार्थियों को अन्तिम अवसर प्रदान करते हुए छात्रहित में समर्थ पोर्टल पर ऑन–लाइन कोर्स सेलेक्शन करते हुए ऑन–लाइन परीक्षा आवेदन की तिथि को दिनाँक 25.04.2026 तक विस्तारित किया जाता है। पूर्व में निर्गत सूचना पत्रांक**–सी.ओ.ई.–553, दिनाँक 31.03.2026 **द्वारा प्रदत्त दिशा–निर्देशों के अनुसार ऑन–लाइन कोर्स सेलेक्शन करते हुए ऑन–लाइन परीक्षा आवेदन दिनाँक 25.04.2026 तक अनिवार्य रूप से भरना सुनिश्चित करें। इसके पश्चात् अन्तिम तिथि को विस्तारित किया जाना सम्भव नहीं होगा।**

(डॉ0 अमित कुमार राय)
परीक्षा नियंत्रक

प्रतिलिपिः–निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

1. मा0 कुलपति महोदय के सादर अवलोकनार्थ।
2. कुलसचिव, विश्वविद्यालय।
3. वित्त अधिकारी, विश्वविद्यालय।
4. अधिष्ठाता (शैक्षणिक), विश्वविद्यालय।
5. समस्त अधिष्ठाता/विभागाध्यक्ष/निदेशक/समन्वयक को इस अनुरोध के साथ कि वह अपने स्तर से विद्यार्थियों को समर्थ पोर्टल पर ऑन–लाइन कोर्स सलेक्शन करते हुए आवेदन भरे जाने हेतु निर्देशित करने का कष्ट करें तथा विद्यार्थियों द्वारा भरे गये ऑन–लाइन आवेदन को अपने स्तर से वेरीफाई करने का कष्ट करें।
6. सम्बन्धित अधिकारीगण, विश्वविद्यालय।
7. प्राचार्य/कोर्स को–आर्डिनेटर, सम्बद्ध महाविद्यालय/संस्थान को इस आशय के साथ कि वह अपने स्तर से विद्यार्थियों को समर्थ पोर्टल पर ऑन–लाइन कोर्स सलेक्शन करते हुए आवेदन भरे जाने हेतु निर्देशित करने का कष्ट करें तथा विद्यार्थियों द्वारा भरे गये ऑन–लाइन आवेदन को अपने स्तर से वेरीफाई करने का कष्ट करें।
8. सिस्टम एनॉलिस्ट को विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर अपलोड करने हेतु।
9. विभागीय पटल सहायक को इस निर्देश के साथ कि सम्बन्धित विभाग में अध्ययनरत् विद्यार्थियों से प्राप्त आवेदन की हार्ड कापी को अपने विभाग में सुरक्षित रखेंगे।
10. परीक्षा विभाग के समस्त प्रकोष्ठ एवं अनुभाग को अनुपालनार्थ।
11. समस्त नोटिस बोर्ड पर चस्पा करने हेतु।

24/04/26
(डॉ0 अमित कुमार राय)
परीक्षा नियंत्रक